दिन– बुधवार | दिनांक– 24 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार की बिहार को सौगात – बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया रेल लाइन के दोहरीकरण और साहिबगंज–अरेराज बेतिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस–वे निर्माण को मिली मंजूरी।

02. महागठबंधन ने अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया। अति पिछड़ा समाज को पंचायत, नगर निकायों, शिक्षा संस्थानों और सरकारी ठेकों में अधिक आरक्षण देने का वादा किया।

03. एआईएमआईएम प्रमुख असद्दुद्दीन ओवैसी ने कहा – छह सीटें मिली तो महागठबंधन में शामिल हो सकते हैं।

04. और, प्रदेशभर में शारदीय नवरात्र की धूम। तीसरे दिन माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की हो रही है पूजा अर्चना।

---

केंद्र सरकार ने बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इसके लिए दो हजार एक सौ बयानवे करोड़ रुपये की राशि स्वीकृति की गयी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे राज्य के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के बीच संपर्क बढ़ेगा। जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– एक सौ उनतालीस के साहिबगंज–अरेराज बेतिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस–वे खंड के निर्माण को भी मंजूरी दी है। तीन हजार आठ सौ बाईस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से अठहत्तर किलोमीटर से अधिक की फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। ये सड़क पटना और बेतिया के बीच संपर्क को बेहतर बनाएगी। साथ ही उत्तर–बिहार के कई जिले– वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण तथा पश्चिमी चंपारण भारत–नेपाल सीमा के क्षेत्रों से जुड़ जायेंगे।

---

महागठबंधन की ओर से आज पटना में अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया गया। पत्र में अति पिछड़ा वर्ग के लिए पंचायत और नगर निकायों में बीस प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर तीस प्रतिशत करने के वादे समेत दस प्रमुख वादे किए गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और वामपंथी दलों के वरिष्ठ नेताओं समेत इंडिया गठबंधन के सभी सयोगियों ने संयुक्त रूप से यह संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में कहा गया है कि आबादी के अनुपात में आरक्षण की पचास प्रतिशत की सीमा को बढ़ाने के लिए विधानमंडल से पारित कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। संकल्प पत्र में पच्चीस करोड़ रुपये तक के सरकारी ठेकों और आपूर्ति के टेंडर में ईबीसी, ओबीसी, एससी–एसटी के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने की भी बात कही गई है।

---

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि देश चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। श्री खरगे ने पटना में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित पार्टी की कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ये बैठक बेहद महत्वपूर्ण है।

–––बाइट–––

श्री खरगे ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कार्य समिति की बैठक लोकतंत्र और संविधान की रक्षा को समर्पित है।

–––बाइट–––

कार्य समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, केसी बेनुगोपाल, अजय माकन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखवींदर सुख्खु, छत्तीगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कई पूर्व मंत्री, विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी बैठक में शामिल नहीं हुयीं।

---

कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर तेजस्वी प्रसाद यादव को सीएम उम्मीदवार मानने के प्रश्न पर चुप्पी साध ली है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि मुख्यमंत्री के नाम का फैसला चुनाव परिणामों के बाद घटक दल आपसी सहमति से करेंगे।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की बिहार में अचानक दिलचस्पी राजनीतिक और चुनावी लाभ से प्रेरित है। श्री प्रसाद ने कहा कि इससे उनकों कोई लाभ नहीं होगा।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी की पटना में हुई बैठक पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि यह बैठक महागठबंधन में प्रेशर पॉलिटिक्स के लिए हो रही है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम बता रहे हैं कि मोदी सरकार **भारत एआई मिशन** के माध्यम से देश को भविष्य के लिए कैसे तैयार कर रही है।

———रिपोर्ट———

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई की क्रांति के माध्यम से आमजन की जीवनचर्या और सोचने समझने के नजरिये में बदलाव आया है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले साल मार्च में दस हजार तीन सौ करोड रूपये की लागत वाले इंडिया एआई मिशन को मजूरी दी थी। भारत, एआई के विकास और इस तकनीक को अपनाने वाले अग्रणी देशों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य एआई को भारत के लिए उपयोगी बनाना है। आज हम देख रहे हैं भारत एआई डेवलेपमेंट और एडप्शन में आगे रहने वाले देशों में शामिल है। इसके विस्तार के लिए सरकार ने इंडिया एआई मिशन को लॉन्च किया है। हम मेक एआई इन इंडिया इसके विजन पर काम कर रहे हैं और हमारा उद्देश्य है मेक एआई वर्क फॉर इंडिया। इंडिया एआई मिशन, व्यापक स्तर पर कम्पयूटर के उपयोग तथा नवाचार केंद्रों के निर्माण, डेटाबेस विकसित करने, नवाचारों को बढ़ावा देने और एआई के सुरक्षित तथा विश्वसनीय उपयोग को सुनिश्चित करने जैसे स्तंभों पर आधारित है। यह मिशन जन कन्द्रित है और इसका उद्देश्य तकनीक के उपयोग को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना और सुलभ बनाना है। बहुत कम समय में ही भारत ने दुनिया में सबसे किफायती कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध कराई है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने इसके बारे में विस्तार से बताया। इंडिया एआई मिशन सिर्फ एक पहल ही नहीं है। बल्कि, देश को एआई के जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग के मामले में अग्रणी बनाने का दृष्टिकोण भी है। इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक डिजिटल भारत का आधार तैयार करना है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज रोहतास में नौ सौ इक्कीस करोड़ रुपये से अधिक और कैमूर जिले में नौ सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार सासाराम के फैजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में भी शामिल हुए। वहीं, श्री कुमार ने भभुआ स्थित जगजीवन स्टेडियम में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार राज्य के विकास को लेकर संकल्पित है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में कैमूर जिले की चारों विधानसभा सीटों में एनडीए के उम्मीदवारों को वोट देकर जीत दिलाने की अपील की।

---

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि उनकी पार्टी अभी भी महागठबंधन का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। श्री ओवैसी ने किशनगंज में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने महागठबंधन के संयोजक को पत्र लिख कर छह सीटों की मांग की है।

———बाइट———

श्री ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने आज से शुरू चार दिवसीय सीमांचल न्याय यात्रा की किशनगंज से शुरूआत की। श्री ओवैसी ने जिले के दामला बाड़ी में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने ठाकुरगंज, कोचाधामन और बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में भी कई जनसभा को संबोधित किया।

---

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से समस्त पाप और बाधाएं दूर होती हैं तथा सौम्यता और निर्भयता में वृद्धि होती है। पटना स्थित बड़ी पटन देवी, गोपालगंज के थावे मंदिर, कैमूर के माँ मुण्डेश्वरी मंदिर, सारण के अम्बिका भवानी, दरभंगा के श्यामा काली मंदिर और जमुई के माँ नेतुला मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। ढ़ाक की लयबद्ध ध्वनि और

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे वातावरण में भक्ति और उत्सव की एक अलग छाप देखने को मिल रही है। इधर, विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि शहरों और गांवों में अलग–अलग थीम पर आधारित पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। वहीं, माँ दुर्गा की प्रतिमाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

–––म्यूजिक–––

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार की बिहार को सौगात – बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया रेल लाइन के दोहरीकरण और साहिबगंज–अरेराज बेतिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस–वे निर्माण को मिली मंजूरी।

02. महागठबंधन ने अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया। अति पिछड़ा समाज को पंचायत, नगर निकायों, शिक्षा संस्थानों और सरकारी ठेकों में अधिक आरक्षण देने का वादा किया।

03. एआईएमआईएम प्रमुख असदद्दीन ओवैसी ने कहा – छह सीटें मिली तो महागठबंधन में शामिल हो सकते हैं।

04. और, प्रदेशभर में शारदीय नवरात्र की धूम। तीसरे दिन माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की हो रही है पूजा अर्चना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।